# आइसक्रीम-कोल्ड ड्रिंक की मांग बढ़ने से चीनी की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद

**नई दिल्ली।** गर्मी के सीजन में कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम की मांग बढ़ने से चीनी की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। 2021-22 के मार्केटिंग सीजन (सितंबर तक) में एक साल पहले की तुलना में चीनी की खपत 3 फीसदी बढ़कर 2.72 करोड़ टन रह सकती है।

इंडियन सुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने बताया, चीनी निर्यात भी रिकॉर्ड स्तर पर जा सकता है। भारतीय मिलों ने पहले ही 2021-22 के लिए 72 लाख टन चीनी आपूर्ति का करार किया है। हालांकि, देश में चीनी की ज्यादा कीमतों से कंपनियां निर्यात को कम भी कर सकती हैं। एजेंसी



**गरमी के मौसम में बढ़ेगी खपत :** नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव सुगर फैक्टरीज के एमडी प्रकाश नाइकनवरे ने बताया कि शादियों पर प्रतिबंध हटने से कोल्ड ड्रिंक-आइसक्रीम की खपत बढ़ेगी। इससे मार्च से जून के बीच चीनी की मांग में तेजी होगी।